This Question Paper consists of 43 questions and 16 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 43 प्रश्न तथा 16 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

**Code No.** **69/SS/A**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION
# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा
# (376)

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................................

***General Instructions* :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any *one* of the four alternatives given in the question, i.e., (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.

7. In case of any doubt or confusion in the Question Paper, the **English** version will prevail.

8. Write your Question Paper Code No. 69/SS/A, Set [A] on the Answer-Book.

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/SS/A, सेट [A] लिखें।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा

# (376)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This question paper consists of 43 questions in all.

(ii) All questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) Q. Nos. **1** to **16**—Multiple-choice questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(v) Q. Nos. **17** to **29**—Objective-type questions included Reading Comprehension Passage (Q. Nos. **17–19**), Match the Column (Q. No. **20**), True/False (Q. Nos. **21–23**), Fill in the Blanks (Q. Nos. **24–26**) and Appropriate Answers (Q. Nos. **27–29**). Attempt questions based on specific instructions for each part.

(vi) *(a)* Q. Nos. **30** to **35**—Very short answer-type questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

*(b)* Q. Nos. **36** to **41**—Short answer-type questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

*(c)* Q. Nos. **42** and **43**—Long answer-type questions carrying *5* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 43 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक का *1* अंक है। इनमें से प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **17** से **29** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें शामिल हैं रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन पैसेज (प्रश्न संख्या **17–19**), कॉलमों का मिलान (प्रश्न संख्या **20**), सही या गलत (प्रश्न संख्या **21–23**), रिक्त स्थानों की पूर्ति (प्रश्न संख्या **24–26**) तथा उपयुक्त उत्तर (प्रश्न संख्या **27–29**)। इन प्रश्नों को प्रत्येक भाग में दिए गए निर्देश के अनुसार हल कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(vi) *(a)* प्रश्न संख्या **30** से **35** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *2* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *30* से *50* शब्दों में दें।

*(b)* प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *3* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *50* से *80* शब्दों में दें।

*(c)* प्रश्न संख्या **42** और **43** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जिनमें से प्रत्येक के *5* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *80* से *120* शब्दों में दें।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

Select and write the correct answers from the options given below :

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखें :

**1.** What percentage of brain development takes place by the time a child is six years old? 1

(A) 50% (B) 75%
(C) 90% (D) 40%

छह वर्ष की आयु तक बच्चे के मस्तिष्क का कितने प्रतिशत विकास हो जाता है?

(A) 50% (B) 75%
(C) 90% (D) 40%

**2.** What is the primary aim of Early Childhood Care and Education (ECCE)? 1

(A) To prepare children for university education

(B) To provide babysitting services for working parents

(C) To ensure children's overall development during their formative years

(D) To teach children advanced mathematics

प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(A) बच्चों को विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए तैयार करना

(B) कामकाजी माता-पिता के लिए बच्चों की देखभाल की सेवाएँ प्रदान करना

(C) बच्चों के प्रारंभिक वर्षों के दौरान उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना

(D) बच्चों को उन्नत गणित पढ़ाना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**3.** What is one of the reasons nowadays for the decrease in infant mortality rate (IMR)? 1

(A) Increase in hygienic living conditions

(B) Excessive governmental intervention

(C) Overpopulation

(D) Lack of medical attention for newborns

आजकल शिशु मृत्यु दर (आइ० एम० आर०) में कमी का एक कारण क्या है?

(A) स्वच्छ जीवन स्थितियों में वृद्धि

(B) अत्यधिक सरकारी हस्तक्षेप

(C) अत्यधिक जनसंख्या

(D) नवजात शिशुओं के लिए चिकित्सा देखभाल की कमी

**4.** What does infant mortality rate (IMR) measure? 1

(A) The number of child deaths under the age of five years per 1000 live births

(B) The death of young children under the age of one year

(C) The number of deaths of children under one year of age per 1000 live births

(D) The average age at which children start school

शिशु मृत्यु दर (आइ० एम० आर०) क्या मापती है?

(A) प्रति 1000 जीवित जन्मों पर पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु की संख्या

(B) एक वर्ष से कम उम्र के छोटे बच्चों की मृत्यु

(C) प्रति 1000 जीवित जन्मों पर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु की संख्या

(D) वह औसत आयु जिस पर बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं

**5.** What is the primary goal of Goal 4.2 of the Sustainable Development Goals 2030 adopted by the Government of India? 1

(A) Ensuring access to quality healthcare for all children

(B) Providing quality early childhood development, care and pre-primary education

(C) Promoting gender equality in education

(D) Improving primary education infrastructure

भारत सरकार द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्य 2030 के लक्ष्य 4·2 का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

(A) सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच सुनिश्चित करना

(B) गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन विकास, देखभाल और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना

(C) शिक्षा में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना

(D) प्राथमिक शिक्षा के बुनियादी ढाँचे में सुधार



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

6. According to NPAC– 2016, which children are given priority due to their vulnerability? 1

(A) Children from urban areas

(B) Children from affluent families

(C) Children from marginalized backgrounds such as street children and children of migrant workers

(D) Children with high academic performance

एन०पी०ए०सी०, 2016 के अनुसार, किन बच्चों को उनकी भेद्यता के कारण प्राथमिकता दी जाती है?

(A) शहरी क्षेत्रों के बच्चे

(B) सम्पन्न परिवारों के बच्चे

(C) हाशिए पर रहने वाली पृष्ठभूमि के बच्चे जैसे सड़क पर रहने वाले बच्चे और प्रवासी श्रमिकों के बच्चे

(D) उच्च शैक्षणिक प्रदर्शन वाले बच्चे

7. What does social development in children involve? 1

(A) Learning academic subjects

(B) Acquiring motor skills

(C) Interacting with others and understanding social rules and norms

(D) Developing physical strength

बच्चों में सामाजिक विकास में क्या शामिल है?

(A) शैक्षणिक विषयों को सीखना

(B) मोटर कौशल प्राप्त करना

(C) दूसरों के साथ बातचीत करना और सामाजिक नियमों और मानदंडों को समझना

(D) शारीरिक शक्ति का विकास करना

8. What is a key function of the placenta during prenatal development? 1

(A) Protecting the embryo from external harm

(B) Providing structural support to the developing fetus

(C) Nourishing the embryo by passing oxygen and nutrients from the mother's blood

(D) Regulating the temperature of the uterus

प्रसवपूर्व विकास के दौरान प्लेसेंटा का मुख्य कार्य क्या है?

(A) भ्रूण को बाहरी नुकसान से बचाना

(B) विकासशील भ्रूण को संरचनात्मक सहायता प्रदान करना

(C) माँ के रक्त से ऑक्सीजन और पोषक तत्त्व पहुँचाकर भ्रूण को पोषण देना

(D) गर्भाशय के तापमान को नियंत्रित करना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

9. What occurs during the fetal stage of prenatal development? 1

(A) Formation of the placenta

(B) Rapid growth of bones and muscles

(C) Development of major organs

(D) Formation of the blastocyst

प्रसवपूर्व विकास के भ्रूण चरण के दौरान क्या होता है?

(A) नाल का गठन

(B) हड्डियों और मांसपेशियों का तेजी से विकास

(C) प्रमुख अंगों का विकास

(D) ब्लास्टोसिस्ट का गठन

10. What is a primary need of children in terms of caregiving? 1

(A) Providing academic education

(B) Offering physical care and tactile comfort

(C) Organizing extracurricular activities

(D) Teaching advanced cognitive skills

देखभाल के मामले में बच्चों की प्राथमिक आवश्यकता क्या है?

(A) शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करना

(B) शारीरिक देखभाल और स्पर्श-सम्बन्धी आराम प्रदान करना

(C) पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन

(D) उन्नत संज्ञानात्मक कौशल सिखाना

11. What aspect of development is emphasized as a result of children playing together? 1

(A) Physical development only

(B) Emotional development only

(C) Cognitive development only

(D) All-round development including social, emotional and cognitive development

बच्चों के एक साथ खेलने से विकास के किस पहलू पर बल दिया जाता है?

(A) केवल शारीरिक विकास

(B) केवल भावनात्मक विकास

(C) केवल संज्ञानात्मक विकास

(D) सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास सहित सर्वांगीण विकास



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**12.** How can progress of children in an Early Childhood Care and Education (ECCE) center be gauged? 1

(A) Through standardized tests administered every month

(B) By observing children's development across all domains and keeping daily records

(C) By comparing children's progress with siblings

(D) Through occasional observations only

प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ई०सी०सी०ई०) केन्द्र में बच्चों की प्रगति का आकलन कैसे किया जा सकता है?

(A) हर महीने प्रशासित मानकीकृत परीक्षणों के माध्यम से

(B) सभी क्षेत्रों में बच्चों के विकास का अवलोकन करके और दैनिक रिकॉर्ड रखकर

(C) बच्चों की प्रगति की तुलना भाई-बहनों से करके

(D) केवल सामयिक टिप्पणियों के माध्यम से

**13.** According to the National Early Childhood Care and Education Policy 2013, what is recommended to strengthen the monitoring and supervision of ECCE centers? 1

(A) Introduction of stricter disciplinary measures

(B) Implementation of standardized testing for children

(C) Adoption of a systematic monitoring framework with specified indicators

(D) Increase in administrative paperwork

राष्ट्रीय प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा नीति, 2013 के अनुसार, ई०सी०सी०ई० केन्द्रों की निगरानी और पर्यवेक्षण को मजबूत करने के लिए क्या सिफारिश की गई है?

(A) सख्त अनुशासनात्मक उपायों का परिचय

(B) बच्चों के लिए मानकीकृत परीक्षण का कार्यान्वयन

(C) निर्दिष्ट संकेतकों के साथ एक व्यवस्थित निगरानी ढाँचे को अपनाना

(D) प्रशासनिक कागजी कार्रवाई में वृद्धि

**14.** Which of the following is ***not*** a characteristic of well-trained ECCE teachers? 1

(A) Understanding of diversity and inclusion

(B) Knowledge of various teaching methodologies

(C) Ability to provide unequal learning opportunities

(D) Understanding of children's developmental characteristics



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित में से कौन-सी सुप्रशिक्षित ई०सी०सी०ई० शिक्षकों की विशेषता **नहीं** है?

(A) विविधता और समावेशन की समझ

(B) विभिन्न शिक्षण पद्धतियों का ज्ञान

(C) असमान सीखने के अवसर प्रदान करने की क्षमता

(D) बच्चों की विकास-सम्बन्धी विशेषताओं को समझना

**15.** What role does a partnership between parents and educators/ institutions play during transitions? 1

(A) It complicates the transition process

(B) It assists parents in avoiding involvment in the transition

(C) It helps parents manage the period of change

(D) It creates confusion for children transitioning

परिवर्तन के दौरान माता-पिता और शिक्षकों/संस्थाओं के बीच साझेदारी क्या भूमिका निभाती है?

(A) यह परिवर्तन प्रक्रिया को जटिल बनाती है

(B) यह माता-पिता को परिवर्तन में शामिल होने से बचने में सहायता करता है

(C) यह माता-पिता को परिवर्तन की अवधि का प्रबन्धन करने में मदद करता है

(D) यह परिवर्तनशील बच्चों के लिए भ्रम पैदा करता है

**16.** How can teachers help to overcome the language barrier between home and school? 1

(A) By ignoring the home language

(B) By dismissing the importance of home language

(C) By respecting and accepting the home language and building upon its strengths

(D) By discouraging the use of multiple languages

शिक्षक घर और स्कूल के बीच भाषा की बाधा को दूर करने में कैसे मदद कर सकते हैं?

(A) घरेलू भाषा को नजरअंदाज करके

(B) घरेलू भाषा के महत्त्व को खारिज करके

(C) घरेलू भाषा का सम्मान और उसको स्वीकार करके और उसकी ताकत का निर्माण करके

(D) अनेक भाषाओं के प्रयोग को हतोत्साहित करके

Read the paragraph given below and write the answers of Question Numbers **17** to **19** on the basis of your understanding of the paragraph :

Children with different physical features may not affect the classroom processes directly but may have implications for classroom dynamics. Like, tall children are often selected for sports, children with a fair complexion may generate more appreciative comments whereas a



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

particular colour or shape of eyes may not be easily accepted by others. A child with fair complexion may be the first choice of the teacher for the role of king/queen/fairy, making other children think that kings/queens/fairies are only fair-skinned. This creates stereotypes that are avoidable. Diversity in physical traits associated with race, is a natural phenomenon and needs to be accepted. Inclusion entails remodelling and enriching the general education system, making it more comprehensive, supportive and responsive to the needs of all children. Inclusive education ensures that children with special needs are taught in regular schools with their age and grade peers with support services provided within the school system. Thus, it reflects the objective of providing quality education to all children by accommodating their needs and learning styles into the general curriculum. Disability is related to the interaction between a child with impairment and an environment with barriers that hinder his or her participation on an equal basis with others. Assistive technology can help reduce or eliminate such barriers. Some barriers to easy access to assistive technology, lack of awareness : many people with disabilities and their families have limited awareness of assistive products and services. Lack of governance including legislation, policies and national programmes, for many states, provision of assistive technology is a relatively low area of priority. Early intervention means doing things as early as possible to work on the child's developmental, health and support needs. Early intervention services give specialised support to children and families in the early years, generally from birth until the child turns five. It is hoped that these services, provided early, will address any delays in development. Early intervention services are a range of special and specific services to help young children who have developmental delays. Different types of specialists work with these children giving them specialised support. This support might include special educators, therapists, counselors etc. Early intervention helps to address the developmental delays and can make a crucial difference in the children's life.

नीचे दिए गए पैराग्राफ को पढ़िए और अपनी समझ के आधार पर प्रश्न संख्या **17** से **19** तक के उत्तर दीजिए :

विभिन्न शारीरिक विशेषताओं वाले बच्चों का कक्षा प्रक्रियाओं पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ सकता है लेकिन कक्षा की गतिविधियों के लिए अर्थिक प्रसंग हो सकता है। उदाहरण के लिए, लम्बे बच्चे अक्सर खेल के लिए चुने जाते हैं, साथ ही गोरी त्वचा वाले बच्चों पर अधिक प्रशंसात्मक टिप्पणियाँ आ सकती हैं



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

जबकि किसी विशेष रंग या आकार की आँखें दूसरों द्वारा आसानी से स्वीकार नहीं की जा सकती हैं। गोरी त्वचा वाले बच्चे शिक्षक के लिए राजा/रानी/परी की भूमिका के लिए पहली पसंद हो सकते हैं, जिससे अन्य बच्चे सोच सकते हैं कि राजा/रानी/परी केवल गोरी त्वचा वाले ही होते हैं। यह ऐसी स्थिति स्थापित करती है जो टालने (परिहार्य) योग्य रूढ़िबद्ध धारणा (स्टेरियोटाइप्स) होती हैं। जाति से जुड़े शारीरिक गुणों में विविधता, एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। समावेशन में सामान्य शिक्षा प्रणाली को पुनर्निर्मित और समृद्ध किया जाना है, जिससे यह अधिक समग्र, समर्थक और सभी बच्चों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बन सके। समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करती है कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को सामान्य स्कूलों में उनकी आयु और कक्षा के साथी के रूप में पढ़ाया जाता है, स्कूल प्रणाली के अन्तर्गत सहायता सेवाओं के साथ। इस प्रकार, यह सामान्य पाठ्यक्रम में उनकी आवश्यकताओं और शिक्षाशैलियों को समायोजित करके सभी बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य प्रतिबिम्बित करता है। विकलांगता उस संवेदनशील वातावरण के परस्पर क्रियासंघ के सम्बन्ध में है जो किसी विकलांग बच्चे और उसके आस-पास बाधाओं वाले वातावरण के बीच होता है, जो उसकी समान आधार पर दूसरों के साथ भागीदारी को बाधित करते हैं। सहायक तकनीक इस प्रकार की बाधाओं को कम करने या इन्हें समाप्त करने में मदद कर सकती है। सहायक तकनीक के आसान उपयोग के लिए कुछ बाधाएँ, जैसे कि जागरूकता की कमी : कई विकलांग और उनके परिवारों को सहायक उत्पादों और सेवाओं की सीमित जागरूकता होती है। कानून, नीतियों और राष्ट्रीय कार्यक्रमों सहित शासन की कमी, कई राज्यों के लिए, सहायक तकनीकों (प्रौद्योगिकी) का प्रावधान एक तुलनात्मक निम्न प्राथमिकता क्षेत्र होता है। प्रारंभिक हस्तक्षेप का मतलब है बच्चे के विकास, स्वास्थ्य और सहायता की आवश्यकताओं पर काम करने के लिए संभवतः सबसे पहले ही कार्यवाही करना। प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ बच्चों और परिवारों को प्राथमिक वर्षों में विशेष आधार प्रदान करती हैं, सामान्यतः जन्म से लेकर बच्चे की पाँच साल की आयु तक। आशा की जाती है कि ये सेवाएँ, प्रारंभ में प्रदान की जाने वाली, विकास में किसी भी देरी को संबोधित करेंगी। प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ विकास में देरी वाले छोटे बच्चों की सहायता करने के लिए विशेष और विशिष्ट सेवाओं का एक विस्तार है। विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ इन बच्चों के साथ काम करते हैं और उन्हें विशेष आधार प्रदान करते हैं। इस समर्थन में विशेष शिक्षक, चिकित्सक, परामर्शदाता आदि शामिल हो सकते हैं। प्रारंभिक हस्तक्षेप विकास में देरी को संबोधित करने में मदद करता है और बच्चों के जीवन में महत्त्वपूर्ण अन्तर कर सकता है।

**17.** *(a)* How might children with different physical features impact classroom dynamics?

*(b)* What is the goal of inclusive education? 1×2=2

(क) विभिन्न शारीरिक विशेषताओं वाले बच्चे कक्षा की गति को कैसे प्रभावित कर सकते हैं?

(ख) समावेशी शिक्षा का उद्देश्य क्या है?

**18.** *(a)* What is the importance of diversity in physical traits associated with race in the classroom?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(b) What does early intervention entail in the context of child development? 1×2=2

(क) शारीरिक गुणांक विशेषताओं की विविधता का कक्षा में नसल से सम्बन्धित महत्त्व क्या है?

(ख) बाल विकास के संदर्भ में प्रारंभिक हस्तक्षेप क्या है?

**19.** (a) What is the relationship between disability and barriers in the environment?

(b) How can assistive technology address barriers for children with disabilities? 1×2=2

(क) विकलांगता और पर्यावरण में बाधाओं के बीच क्या सम्बन्ध है?

(ख) सहायक प्रौद्योगिकी विकलांगता वाले बच्चों के लिए बाधाओं का कैसे सामना कर सकती है?

**20.** Match Column—A with Column—B : 1×4=4

| *Column—A* | *Column—B* |
|---|---|
| (a) Article 45 | (i) Protect children from economic exploitation and are not forced into unsuitable work. |
| (b) Article 47 | (ii) Provide free and compulsory education for all children up to the age of fourteen years. |
| (c) Article 39 | (iii) Promotion of educational and economic interests of marginalized sections of society. |
| (d) Article 46 | (iv) Raising the level of nutrition, improving public health, and enhancing the standard of living of the population. |

कॉलम—'अ' का कॉलम—'ब' से मिलान कीजिए :

| **कॉलम—अ** | **कॉलम—ब** |
|---|---|
| (a) अनुच्छेद 45 | (i) बच्चों को आर्थिक शोषण से बचाना और उन्हें अनुपयुक्त काम में मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। |
| (b) अनुच्छेद 47 | (ii) चौदह वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना। |
| (c) अनुच्छेद 39 | (iii) समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना। |
| (d) अनुच्छेद 46 | (iv) पोषण का स्तर बढ़ाना, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जनसंख्या के जीवन स्तर में सुधार करना। |



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

Write True or False for the question Nos. **21** to **23** :

प्रश्न संख्या **21** से **23** के लिए सही या गलत लिखिए :

**21.** *(a)* The montessori method is primarily focused on elementary education.

*(b)* Mahatma Gandhi, Rabindranath Tagore, and Zakir Hussain emphasized the importance of education being imparted in children's mother tongue. 1×2=2

(क) मोंटेसरी पद्धति मुख्य रूप से प्रारंभिक शिक्षा पर केन्द्रित है।

(ख) महात्मा गाँधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर और जाकिर हुसैन ने बच्चों की मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के महत्त्व पर जोर दिया।

**22.** The Mid Day Meal Scheme (MDMS) was launched in 1995 to improve the nutritional status of children studying in primary classes only. 1

मध्याह्न भोजन योजना (एम० डी० एम० एस०) केवल प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए 1995 में शुरू की गई थी।

**23.** Integrated Child Protection Scheme (ICPS), launched in 2009, aims at building a protective environment for children by providing nutritional support. 1

2009 में शुरू की गई एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आइ० सी० पी० एस०) का उद्देश्य पोषण-सम्बन्धी सहायता प्रदान करके बच्चों के लिए एक सुरक्षात्मक वातावरण बनाना है।

**24.** Fill in the blanks of the following : 1×2=2

*(a)* It is seen that infants feel _____ anxiety when they complete the first year of their life.

*(b)* By the age of _____ years, children begin to detach a little from their parents and learn to show autonomy by saying 'no' to what they do not want to do.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) ऐसा देखा गया है कि जब शिशु अपने जीवन का पहला वर्ष पूरा कर लेते हैं, तो उन्हें _____ चिन्ता महसूस होती है।

(ख) _____ वर्ष की आयु तक, बच्चे अपने माता-पिता से थोड़ा अलग होना शुरू कर देते हैं और जो वे नहीं करना चाहते उसके लिए 'नहीं' कहकर स्वायत्तता दिखाना सीख जाते हैं।

**25.** The placenta is a thick, blood-rich tissue lining the wall of the _____.
( Fill in the blank ) 1

गर्भनाल एक मोटा, रक्त-युक्त ऊतक है जो _____ की दीवार को अस्तर देता है।
( रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए )



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**26.** Children's understanding about themselves, their feelings, and how they sustain relationships with others are a part of their _____ development. ( Fill in the blank ) 1

बच्चों की अपने बारे में समझ, उनकी भावनाएँ और वे दूसरों के साथ कैसे सम्बन्ध बनाए रखते हैं, यह उनके _____ विकास का एक हिस्सा है।

( रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए )

Write appropriate answer for the Question Nos. **27** to **29 :**

प्रश्न संख्या **27** से **29** तक के लिए उपयुक्त उत्तर दीजिए :

**27.** *(a)* What are the benefits of breastfeeding for babies?

*(b)* Why is it important for caregivers to ensure comfortable clothing for children?

*(c)* What is the purpose of immunization for infants? 1×3=3

(क) शिशुओं के लिए स्तनपान के क्या लाभ हैं?

(ख) देखभाल करने वालों के द्वारा, बच्चों के लिए आरामदायक कपड़े सुनिश्चित करना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ग) शिशुओं के लिए टीकाकरण का उद्देश्य क्या है?

**28.** *(a)* What is unoccupied play according to Parten's stages of play?

*(b)* What characterizes parallel play in children? 1×2=2

(क) पार्टन के खेल के चरणों के अनुसार अव्यस्त खेल क्या है?

(ख) बच्चों में समानान्तर खेल की विशेषता क्या है?

**29.** At what stage of play do children begin to cooperate and focus on achieving group goals? 1

खेल के किस चरण में बच्चे सहयोग करना शुरू करते हैं और समूह के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं?

**30.** What is the role of the Head of an ECCE center in terms of supervision, mentoring and monitoring? 2

पर्यवेक्षण, सलाह और निगरानी के संदर्भ में ई०सी०सी०ई० केन्द्र के प्रमुख की क्या भूमिका है?

***Or / अथवा***

What are the benefits of supervision in an ECCE center?

ई०सी०सी०ई० केन्द्र में पर्यवेक्षण के क्या लाभ हैं?



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**31.** What role do ECCE teachers play in building rapport with parents and the community? 2

माता-पिता और समुदाय के साथ तालमेल बनाने में ई०सी०सी०ई० शिक्षक क्या भूमिका निभाते हैं?

**32.** What are the components of physical growth and development? 2

शारीरिक वृद्धि और विकास के घटक क्या हैं?

**33.** What are infants sensitive to in terms of visual stimuli at birth? 2

जन्म के समय दृश्य उत्तेजनाओं के संदर्भ में शिशु किसके प्रति संवेदनशील होते हैं?

**34.** What is a key aspect of preschoolers' socio-emotional development? 2

पूर्वस्कूली बच्चों के सामाजिक-भावनात्मक विकास का प्रमुख पहलू क्या है?

**35.** What emerges during preschool age regarding gender identity? 2

लैंगिक पहचान के सम्बन्ध में पूर्वस्कूली उम्र के दौरान क्या उभरता है?

**36.** How can a smooth home-to-school transition be achieved in early childhood? 3

प्रारंभिक बचपन में घर से स्कूल तक का सुगम पारगमन (परिवर्तन) कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

***Or / अथवा***

Why are trusting relationships with familiar adults important for children during transitions?

पारगमन के दौरान बच्चों के लिए परिचित वयस्कों के साथ भरोसेमंद रिश्ते क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?

**37.** How do diverse groups in a school environment provide opportunities for mutual learning? 3

स्कूल के माहौल में विविध समूह आपसी सीखने के अवसर कैसे प्रदान करते हैं?

**38.** How does India's multi-cultural society contribute to its diverse social environments? 3

भारत का बहु-सांस्कृतिक समाज इसके विविध सामाजिक परिवेश में कैसे योगदान देता है?

***Or / अथवा***

What factors contribute to the poor health and living conditions of children in India?

भारत में बच्चों के खराब स्वास्थ्य और रहने की स्थिति में कौन-से कारक योगदान करते हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**39.** What is the significance of discussing ECCE with parents in the community? 3

समुदाय में अभिभावकों के साथ ई०सी०सी०ई० पर चर्चा करने का क्या महत्त्व है?

***Or / अथवा***

How does ECCE contribute to preparing children for formal learning in schools?

ई०सी०सी०ई० स्कूलों में बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करने में कैसे योगदान देता है?

**40.** What role can both teachers and parents play in relieving stress among children? 3

बच्चों में तनाव दूर करने में शिक्षक और माता-पिता दोनों क्या भूमिका निभा सकते हैं?

**41.** What factors should be considered in designing an environment conducive to play and early learning? 3

खेलने और प्रारंभिक शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते समय किन कारकों पर विचार किया जाना चाहिए?

**42.** How does the physical setting of play equipment contribute to cognitive skills and social growth? 5

खेल उपकरण की भौतिक सेटिंग संज्ञानात्मक कौशल और सामाजिक विकास में कैसे योगदान करती है?

***Or / अथवा***

What do you understand by the term 'diversity'? What are the main factors leading to diversity?

'विविधता' शब्द से आप क्या समझते हैं? विविधता की ओर ले जाने वाले मुख्य कारक क्या हैं?

**43.** How does a child-centered approach influence teaching-learning strategies during the early years? 5

प्रारंभिक वर्षों के दौरान बाल-केन्द्रित दृष्टिकोण शिक्षण-सीखने की रणनीतियों को कैसे प्रभावित करता है?

***Or / अथवा***

Describe the types of play in early years. Explain with example.

प्रारंभिक वर्षों में खेल के प्रकारों का वर्णन कीजिए। उदाहरण सहित समझाइए।

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279